# उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

# आबकारी सिपाही भर्ती परीक्षा, 2016

**व्याख्या सहित हल प्रश्न-पत्र** (परीक्षा तिथि 25-09-2016)

## भाग-I

## हिन्दी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता

**निर्देश: (प्रश्न संख्या 1-4) काव्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

ओह, समय पर उनमें कितनी फलियाँ फूटी!
कितनी सारी फलियाँ, कितनी प्यारी फलियाँ,
यह, धरती कितना देती है! धरती माता
कितना देती है अपने प्यारे पुत्रों को!
न समझ पाया था मैं उसके महत्व को,
बचपन में छि: स्वार्थ लोभ वश पैसे बोकर!
रत्न प्रसविनी है वसुधा, अब समझ सका हूँ!
इसमें सच्ची समता के दाने बोने है,
इसमें जन की क्षमता के दाने बोने है,
जिससे उगल सके फिर धूल सुनहली फसलें
मानवता की-जीवन श्रम से हँसें दिशाएँ।
हम जैसा बोएँगे वैसा ही पाएँगे।

**1. कवि किसका महत्व नहीं समझ पाया था?**

(a) माँ का (b) धरती माँ का
(c) परिश्रम का (d) बचपन का

**Ans : (b)** कवि धरती माँ का महत्व नहीं समझ पाया था।

**2. मानवता की सुनहली फसलें कब उगेंगी?**

(a) जब हम परिश्रम करेंगे
(b) जब समता और क्षमता के बीज बोए जाएगें।
(c) जब चारों ओर शांति होगी
(d) जब धूल सोना उगलेगी

**Ans : (b)** कवि के इस वाक्यांश की अंतिम पंक्ति से स्पष्ट है कि जब समता तथा क्षमता के बीज बोए जाएगें तब मानवता की सुनहली फसल उगेगी।

**3. कवि ने बचपन में किस भाव से पैसे बोए थे?**

**3. कवि ने बचपन में किस भाव से पैसे बोए थे?**

(a) नि:स्वार्थ भाव से (b) सोचविचार से
(c) स्वार्थ एवं लोभ से (d) मोह से

**Ans : (c)** प्रस्तुत काव्यांश से स्पष्ट है कि बचपन में कवि ने स्वार्थ और लोभ भाव से पैसे बोए थे।

**4. ''धरती कितना देती है'' का आशय है-**

(a) बहुत कम देती है। (b) कितना देती है?
(c) बहुत अधिक देती है। (d) कुछ देती ही कहाँ है?

**Ans : (c)** प्रस्तुत काव्यांश के अनुसार 'धरती कितना देती है' का अर्थ बहुत अधिक देती हैं से है।

**5. अन्वेषण का शुद्ध सन्धि विच्छेद है।**

(a) अन्वेष + ण (b) अन्वे + षण
(c) अनु + वेषण (d) अनु + एषण

**Ans : (d)** 'अन्वेषण' का सही संधि-विच्छेद 'अनु+एषण' है। इसमें यण स्वर संधि हैं इसके नियमानुसार यदि 'इ', 'ई', 'उ', 'ऊ' और 'ऋ' के बाद कोई भिन्न स्वर आऐ तो 'इ' और 'ई' का 'य' 'उ' और 'ऊ' का 'व' तथा 'ऋण' का 'र' हो जाता है।

जैसे- अति + अधिक ⇒ अत्यधिक
मधु + आलय ⇒ मध्वालय
सखी + ऐश्वर्य ⇒ सख्यैश्वर्य
सखी + आगमन ⇒ सख्यागमन
पितृ + इच्छा ⇒ पित्रिच्छा, इत्यादि।

**6. दिए गए प्रश्न में वाक्य के पहले और अंतिम भाग को क्रमश: (1) और (6) की संख्या दी गई है। इनके बीच आने वाले अंशों को चार भागों में बाँटकर (य) (र) (ल) (व) की संख्या दी गई है। यह चारों उचित क्रम में नहीं है। ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों का उचित क्रम चुनिए जिससे सही वाक्य का निर्माण हो।**

(1) सकारात्मक सोच
(य) सार्थकता ही
(र) सार्थकता है,
(ल) ही जीवन की
(व) सफलता है और सफलता
(6) ही सार्थकता है!

(a) व य र ल (b) ल र य व
(c) य र ल व (d) र ल व य

**Ans : (b)** सही वाक्य है- सकारात्मक सोच ही जीवन की सार्थकता है, सार्थकता ही सफलता है और सफलता ही सार्थकता है। अत: वाक्य का उचित क्रम ल र य व होगा।

**7. हिन्दी वर्णमाला में ऊष्म व्यंजन कौन-से हैं?**

7. हिन्दी वर्णमाला में ऊष्म व्यंजन कौन-से हैं?

(a) च, छ, ज, झ (b) ट, ठ, ड, ढ़
(c) त, थ, द, ध (d) श, ष, स, ह

**Ans : (d)** जिन व्यंजनों का उच्चारण करते समय वायु मुख में किसी विशेष स्थान पर घर्षण खाकर निकलती हैं और ऊष्मा पैदा करती है, तो ऐसे व्यंजनों की ऊष्म/संघर्षी व्यंजन की श्रेणी में रखा जाता है। हिंदी वर्णमाला में कुल 4 (श, ष, स, ह) प्रकार के ऊष्म व्यंजन है।

**8. ''अश्व'' का पर्यायवाची नहीं है-**

(a) तरंग (b) घोटक
(c) घोड़ा (d) हय

**Ans : (a)** अश्व का पर्यायवाची शब्द तुंरग, ह्य, घोटक, घोड़ा, बाणि सैंधव इत्यादि हैं जबकि तरंग, लहर का पर्यायवाची है।

9. ''अन्धे को दीपक दिखाना'' मुहावरे का सही अर्थ चुनिए-
(a) अन्धे का रास्ता रोशन करना
(b) ना समझ को उपदेश देना
(c) ना समझ को रोशनी देना
(d) अन्धे की सहायता करना

**Ans : (b)** 'अंधे को दीपक दिखाना' मुहावरे का सही अर्थ 'ना समझ को उपदेश देना' है।

**10. ''परिमाण वाचक'' क्रिया विशेषण अव्यय है-**
(a) सर्वदा (b) सर्वत्र
(c) इतना (d) गलत

**Ans : (c)** 'इतना' परिमाण वाचक क्रिया विशेषण अव्यय है।

**11. जो भाव मन में केवल अल्पकाल तक संचरण करके चले जाते हैं। उन्हें कहा जाता है-**
(a) संचारी भाव (b) अनुभाव
(c) स्थायीभाव (d) विभाव

**Ans : (a)** जो भाव मन में केवल अल्पकाल तक संचरण करके चले जाते है, उन्हे संचारी भावों (व्यभिचारी भाव) कहा जाता है। संचारी भावों की कुल संख्या 33 मानी गई है।

**12. ''मक्षिका'' किसका तत्सम शब्द है?**
(a) मछली (b) मक्खी
(c) मच्छर (d) मिट्टी

**Ans : (b)** 'मक्षिका', 'मक्खी' का तत्सम शब्द है। 'मच्छर' का तत्सम शब्द 'मशक' तथा 'माटी' का तत्सम शब्द 'मृत्तिका' होता है।

**13. निम्नलिखित में तद्भव शब्द का चयन कीजिये-**
(a) हस्त (b) हस्ती
(c) हींग (d) हीरक

**Ans : (c)** हींग तद्भव शब्द है। 'हस्त' तत्सम शब्द है इसका तद्भव शब्द 'हाथ' तथा 'हस्ती' का तद्भव शब्द 'हाथी' होता है।

**14. ''परा'' उपसर्ग का अर्थ है-**
(a) भीतर (b) उल्टा
(c) बाहर (d) आस-पास

**Ans : (b)** 'परा' उपसर्ग का अर्थ 'उल्टा' होता है जैसे- जीत -

**Ans : (b)** 'परा' उपसर्ग का अर्थ 'उल्टा' होता है जैसे- जीत -
पराजित, जय- पराजय इत्यादि।

**15. कबीर की भक्ति का स्वरूप क्या है?**
(a) सगुण (b) सूफीमतवादी
(c) वैष्णवमतवादी (d) निर्गुण

**Ans : (d)** रामानन्द के प्रिय शिष्यों में कबीर दास का नाम अग्रणी है। कबीर दास जी ने निराकार ईश्वर (निर्गुण) की भक्ति पर बल दिया और वेद पुराणों को अस्वीकार कर दिया। ये जाति-पाति तथा मूर्तिपूजा के कट्टर विरोधी थे। कबीर दास जी अनपढ़ थे फिर भी इन्होंने अनेक पदों की रचना की जिसमें बीजक, बसन्त, साखियां, सबद, मंगल, होली इत्यादि प्रमुख है। ये लोदी वंशीय शासक सिकन्दर लोदी के समकालीन थे।

**16. दिए गए वाक्य के लिए प्रयुक्त होने वाले सही विकल्प को चुनिए।**
**वह कवि जो तत्काल कविता करने में कुशल हो।**
(a) सुकवि (b) महाकवि
(c) राजकवि (d) आशुकवि

**Ans : (d)** वह कवि जो तत्काल कविता लिखने में निपुण होता है, ऐसे कवि को 'आशुकवि' कहा जाता है। जो कवियों में श्रेष्ठ हो उसे 'महाकवि' तथा जो किसी राज दरबार में रहकर राजा से संबंधित कविताओं की रचना करता है उसे 'राजकवि' कहा जाता है।

**17. शुद्ध वाक्य का चयन कीजिये।**
(a) आज घोड़ा दौड़ भी होगी।
(b) मेरे लिए गणित कठोर विषय है।
(c) बाण शस्त्र और बन्दूक अस्त्र है।
(d) गरीबों के लिए नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था है।

**Ans : (d)** 'गरीबों के लिए नि:शुल्क शिक्षा की व्यवस्था है।' शुद्ध वाक्य है विकल्प (a) के वाक्य में 'भी' का प्रयोग उचित नहीं है। विकल्प (b) में 'कठोर' के स्थान पर 'कठिन' शब्द को प्रयोग उचित है। वह हथियार जो हाथ में लेकर चलाया जाता है उसे शस्त्र तथा जो फेंक कर चलाया जाता है उसे अस्त्र कहा जाता है। अत: विकल्प (c) का सही वाक्य 'बाण अस्त्र और बन्दूक शस्त्र हैं' है।

**18. वाक्य में त्रुटिपूर्ण भाग का चयन कीजिये। यदि कोई त्रुटि न हो तो (D) भाग का चयन कीजिये।**
भारत/ सबसे बड़ा / लोकतंत्रिक देश है। कोई त्रुटि नहीं
(A) (B) (C) (D)

**Ans : (c)** सही वाक्य है:- 'भारत सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है।'

**19. नीचे दिए गए शब्द-युग्म के सही अर्थ भेद का चयन कीजिये-**
**अभिराम - अविराम**
(a) सामर्थ्य - उन्नति
(b) प्रात:काल - सायंकाल
(c) लगातार - सुन्दर
(d) सुन्दर - लगातार

**Ans : (d)** हिन्दी भाषा में कुछ ऐसे शब्द होते है जो सुनने में समान होते है लेकिन वास्तव में वे समान नहीं होते है उसके अर्थो में भिन्नता होती है, ऐसे शब्दों को श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द कहा जाता है। जैसे 'अधिराम' तथा 'अविराम', दोनों सुनने में तो समान प्रतित

है। जैसे 'अधिराम' तथा 'अविराम', दोनों सुनने में तो समान प्रतित
होते है लेकिन इनके अर्थो में भिन्नता है। 'अभिराम' का अर्थ 'सुन्दर' तथा 'अविराम' का अर्थ 'लगातार' होता है।

**20. ''जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं'' इस वाक्य पंक्ति में दिए गए विकल्पों में सही अलंकार का चयन कीजिए।**
(a) उपमा (b) रूपक
(c) यमक (d) श्लेष

**Ans : (c)** 'जेते तुम तारे, तेते नभ में न तारे हैं'' पंक्ति में यमक अलंकार हैं जब एक शब्द का प्रयोग दो बार होता है और दोनों बार उसके अर्थ अलग-अलग होते हैं तब वहाँ यमक अलंकार होता है। उदाहरण– ऊँचे घोर मन्दर के अंदर रह न बारी, ऊँचे बोर मन्दर के अन्दर रहती है।

**21. ''दीप सा मन जल चुका है।'' इस पंक्ति में ''वाचक'' शब्द है-**
(a) दीप (b) सा
(c) मन (d) जल चुका

**Ans : (b)** 'दीप सा मन जल चुका है' इस पंक्ति में 'वाचक शब्द' 'सा' है। यह उपमा अलंकार का उदाहरण है। उपमा के चार अवयव या अंग हैं-
उपमेय, उपमान, साधारण धर्म एवं वाचक शब्द हैं। प्रमुख वाचक शब्द निम्न हैं-
से, सो, सरिस, सम, जैसे-तैसे, इव आदि।

**22. ''ऋजु'' का विलोम है-**
(a) सीधा (b) सरल
(c) त्रिकोण (d) वक्र

**Ans : (d)** 'ऋजु' का विलोम शब्द 'वक्र' होता है जबकि 'सीधा' का विलोम 'उल्टा', 'सरल' का विलोम 'कठिन' होता है।

**23. भारतीय संविधान में हिन्दी भाषा को मान्यता कब प्रदान की गई?**
(a) 14 सितम्बर 1949 (b) 15 सितम्बर 1949
(c) 14 सितम्बर 1950 (d) 15 सितम्बर 1950

**Ans : (a)** हिन्दी को भारत के राजभाषा के रूप में 14 सितम्बर 1949 को स्वीकार किया गया। इसके बाद संविधान में राजभाषा के संबंध में अनु. 343 से 352 तक की व्यवस्था की गयी। अनुच्छेद 343(1) के अनुसार भारतीय संघ की राजभाषा हिन्दी तथा लिपि देवनागरी होगी। हिन्दी के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए प्रतिवर्ष 14 सितम्बर को 'हिन्दी दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

**24. निम्नलिखित में विकारी शब्द कौन-सा है?**
(a) आज (b) लड़का
(c) इधर (d) परन्तु

**Ans : (b)** जिन शब्दों का रूप परिवर्तन होता रहता है वे विकारी शब्द कहलाते हैं। जैसे– कुत्ता-कुत्ते, कुत्तों, मैं, मुझे आदि। अतः विकल्प में लड़का एक विकारी शब्द हैं जिसके विकार युक्त शब्द लड़के, लड़कों आदि होता है।

**25. शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिये-**
(a) कवियित्री (b) कवित्री
(c) कवियत्री (d) कवयित्री

**Ans : (d)** शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कवयित्री है।

**26. ''रसाल'' शब्द का अर्थ है-**
(a) आम (b) केला
(c) पक्षी (d) चमक

**Ans : (d)** 'रसाल' शब्द 'आम' का पर्यायवाची शब्द है। 'आम'के अन्य पर्यायवाची शब्द सहकार, आम्र, पियम्बु, पिकबन्धु, अमृतफल, अंब, फलश्रेष्ठ, मधुरासव, पिकप्रिय, पिकवल्लभ आदि है।

**27. मुख्य अतिथि के <u>सम्मान में</u> यह आयोजन किया गया है। इस वाक्य में रेखांकित शब्द में कारक बताइये।**
(a) अधिकरण (b) कर्ता
(c) कर्म (d) सम्प्रदान

**Ans : (b)** 'मुख्य अतिथि' के सम्मान में यह आयोजन किया गया है।' वाक्य में रेखांकित शब्द में अधिकरण रूपक प्रयुक्त हुआ हैं क्रिया आधार को सूचित करने वाली संज्ञा या सर्वनाम के स्वरूप को अधिकरण कारक कहते हैं। इसकी विभक्ति चिन्ह 'में', 'पर' होता है। जैसे– तुम्हारे घर पर चार आदमी है।

**28. जातिवाचक संज्ञा शब्द है-**
(a) कामायनी (b) आम
(c) रसीला (d) वकील

**Ans : (d)** जिस संज्ञा शब्द से उसकी सम्पूर्ण जाति का बोध होता है, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं। जैसे- मनुष्य, नदी, भैंस, वकील, नगर, डाक्टर आदि।

**29. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य का चयन कीजिये।**
(a) आप बताएँ कि आपकी समस्या क्या है?
(b) मैं तुम्हारे साथ व्यापार करना चाहता हूँ।
(c) उसने खाना खाया और सो गया।
(d) परिश्रम करके सफलता प्राप्त करो।

**Ans : (b)** वाक्य 'उसने खाना खाया और सो गया' एक संयुक्त वाक्य है। वह वाक्य समूह जो दो या दो से अधिक सरल वाक्यों को योजको द्वारा संयुक्त करता हो, संयुक्त वाक्य कहलाता है। जैसे– मै रोटी खाकर लेटा कि पेट में दर्द होने लगा।


**30. छन्द से सम्बन्धित गणों की सही संख्या है-**
(a) छः (b) सात
(c) आठ (d) दस

**Ans : (c)** छन्द से संबंधित गणों की संख्या आठ है। तीन वर्णों का एक गण होता है। यगण, मगण, तगण, रगण, जगण, भगण, नगण, सगण। (सूत्र- यमाताराजभानसलगा)

## भाग-II

## सामान्य. बुद्धि परीक्षण एवं प्रारंभिक गणित

**31. Examine the following Venn diagram**
**नीचे दिये गये वैन आरेख का अवलोकन कीजिए।**




**Which subject was taken by most number of students?**
**बताइये कौन सा विषय सबसे अधिक छात्रों द्वारा चुना गया है?**
(a) Maths/गणित (b) History/इतिहास
(c) Geography/ भूगोल (d) Science/विज्ञान

**Ans : (d)** गणित पढ़ने वाले छात्रों की संख्या
$= 9 + 15 + 13 + 18 + 20 + 13 + 14 = 102$
इतिहास पढ़ने वाले छात्रों की संख्या
$= 18 + 20 + 13 + 14 + 12 + 16 + 18 = 111$
भूगोल पढ़ने वाले छात्रों की संख्या
$= 12 + 13 + 13 + 18 + 20 + 16 + 9 = 101$
विज्ञान पढ़ने वाले छात्रों की संख्या
$= 19 + 13 + 15 + 16 + 18 + 20 + 18 = 119$

**32. If A+E = B+D, A+B> C+E, A+D = 2B and C+E>B+D Then which one of the following is correct.**
**हो तो निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य सही होगा?**

(a) $A > B > C > D > E$
(b) $C > B > D > A > E$
(c) $C > B > A > E > D$
(d) $C > A > B > D > E$

**Ans : (d)** $A + B > C + E$ तथा $C + E > B + D$ से-

$A + B > B + D$

$\therefore$ $A > D$..........................(i)

$A + E = B + D$ तथा $C + E > B + D$ से

$C + E > A + E$

$C > A$..............................(ii)

$A + D = 2B$ से

$A + D = B + B$

$A + A > B + B$ (समीकरण (i) से)

$2A > 2B$

$A > B$............................(iii)

$A + E = B + D$ से

$A + E < A + D$

$E < D$

$D > E$........................... (iv)

पुनः $A+D = 2B$ से

$D + D < 2B$ समी० 1 से

$B > D$ V

समीकरण (i), (ii), (iii) तथा (iv) तथा (v) से

$C > A > B > D > E$

**33. Which of the following equations will result in 22 ?**
**निम्न समीकरणों का अवलोकन कीजिए और बताइएँ किस समीकरण का सही उत्तर 22 होगा?**

(a) $16 + 12 - 8 \times 3 \div 15$
(a) $16 + 12 - 8 \times 3 \div 15$
(b) $16 - 12 \times 8 + 13 \div 15$
(c) $16 \times 12 \div 8 + 13 - 15$
(d) $16 \div 12 + 8 - 13 \times 15$

**Ans : (c)** विकल्प (c) से

$16 \times 12 \div 8 + 13 - 15$

$= \frac{16 \times 12}{8} + 13 - 15$

$= 24 - 2$

$= 22$

**34. Given below is a number series in a logical manner where one number is wrong. Find out the wrong number-**
**इस प्रश्न में संख्याओं की शृंखला में एक संख्या गलत है। उस गलत संख्या का पता लगाएँ-**
**380, 188, 92, 48, 20, 8, 2**

(a) 188 (b) 92
(c) 48 (d) 8

**Ans : (c)** 380, 188, 92, [48], 20, 8, 2

$380 \div 2 - 2 = 188$

$188 \div 2 - 2 = 92$

$92 \div 2 - 2 = \boxed{44}$

$44 \div 2 - 2 = 20$

$20 \div 2 - 2 = 8$


$8 \div 2 - 2 = 2$

दी गयी शृंखला में 48 की जगह 44 होना चाहिए। अत: 48 गलत है।

**35. There are six persons A, B, C, D, E and F in a joint family. C is the sister of F.B is the brother of E's husband. D is the father of A and grand father of F. There are two fathers, three brothers and a mother in the family. Who is the mother?**
**एक संयुक्त परिवार में A, B, C, D, E और F सदस्य है जिसमें C, F की बहन है और B, E के पति का भाई है। D, A का पिता और F का दादा है। परिवार में दो पिता, तीन भाई और एक माता है। बताइये माता कौन है?**

(a) D (b) E
(c) B (d) A

**Ans : (b)**




दिये गये चित्र से स्पष्ट है कि माता E है।

**36. A tailor has to cut 10 shirt pieces of equal length from a roll of fabric. He cuts at the rate of 45 shirt pieces in a minute. How many rolls would be cut in 24 minutes?**
**एक दर्जी को कपड़े के रोल से 10 कमीज के बराबर टुकड़े काटने हैं। वह एक मिनट में 45 कमीज के टुकड़े**
**टुकड़े काटने हैं। वह एक मिनट में 45 कमीज के टुकड़े**
**काट सकता है। 24 मिनट में वह कुल कितना कपड़े के रोल काट सकता है?**

(a) 120 (b) 108
(c) 84 (d) 72

**Ans : (b)** 24 मिनट में काटे गये कमीज के टुकड़े $= 24 \times 45$

$= 1080$

$\therefore$ रोल की संख्या $= \frac{1080}{10} = 108$

**37. How many English alphabets (Capital) looks same when seen in the mirror as image?**
**अंग्रेजी वर्णमाला में कितने बड़े अक्षर दर्पण में देखने पर समान दिखते हैं?**

(a) 9 (b) 10
(c) 11 (d) 12

**Ans : (c)** अंग्रेजी वर्ण माला में कुल 11 (A, H, I, M, O, T, U, V, W, X, Y) अक्षर दर्पण में देखने पर समान दिखाई देंगे।

38. **In a family, a couple has a son and a daughter. The age of the father is three times that of his daughter and the age of the son is half of his mother. The wife is 9 years younger to her husband and the borther is seven years older than his sister, what is the age of the mother?**
**एक परिवार में पति-पत्नी, एक पुत्र और एक पुत्री हैं। पिता की आयु पुत्री से तीन गुना है पुत्र की आयु अपनी माता से आधी है। पत्नी अपने पति से 9 वर्ष छोटी है तथा पुत्र, पुत्री से 7 वर्ष बड़ा है। बताइये माता की आयु कितनी होगी?**

(a) 40 years/40 वर्ष (b) 45 years/45 वर्ष
(c) 50 years/50 वर्ष (d) 60 years/60 वर्ष


**Ans : (d)** माना पुत्री की उम्र x वर्ष है।
∴ पिता की उम्र = 3x वर्ष
पत्नी की उम्र = (3x – 9) वर्ष
पुत्र की उम्र = (x + 7) वर्ष
प्रश्नानुसार,
2 (x +7) = 3x-9
x = 23 वर्ष
माता की उम्र = 3x – 9
= 69-9
= 60 वर्ष

39. **In a school classes start at 1 PM and finish at 3:52 PM, there are 4 periods during this duration. If the first four minutes between every period is reserved for going to one classroom from another, What is the time duration for each period?**
**एक विद्यालय में कक्षा दोपहर 1 बजे प्रारम्भ होती है और 3 बजकर 52 मिनट तक चलती है। यदि इस समय में 4 अवधि (पीरियड) होते है एवं प्रत्येक अवधि (पीरियड) से पहले 4 मिनट का समय एक कमरें से दूसरे कमरे में जाने के लिए छोड़ा जाता है, तो बताइये एक अवधि (पीरियड) कितने मिनट का होता है?**

(a) 39 Minutes/39 मिनट (b) 40 Minutes/40 मिनट
(c) 41 Minutes/45 मिनट (d) 42 Minutes/42 मिनट

**Ans : (b)** माना अवधि x मिनट का होता है।
4x + 3×4 = 3:52- 1:00
4x + 12 = 2:52
4x + 12 = 172
4x = 160
x = 40

40. **Find out the total number of rectangles in the given diagram-**
**दी गई आकृति में कुल आयतों की संख्या बताइये-**



(a) 10 (b) 11
(c) 12 (d) 13

**Ans : (a)** दिखाई गई आकृति में आयतों की संख्या 10 है।

41. **Three bells ring at regular intervals of 9, 12 and 15 minutes respectively. If they rang at 8.00 AM together, at what time will they ring together again?**
**तीन घण्टियाँ क्रमश: 9, 12 तथा 15 मिनट के अन्तराल से बजती हैं। 8 बजे पूर्वान्ह साथ-साथ बजने के पश्चात वे तीनों एक साथ सबसे पहले कब बजेंगी?**


(a) 8 : 45 AM/ 8 : 45 पूर्वान्ह
(b) 10 : 30 AM/ 10 : 30 पूर्वान्ह
(c) 11 : 00 AM/ 11 : 00 पूर्वान्ह
(d) 1 : 00 AM/ 1: 00 पूर्वान्ह

**Ans : (c)** 9, 12, 15 का लघुतम समापवर्त्य = 180
अत: तीनो घण्टियां एक साथ 180 मिनट बाद अर्थात
= 8:00 + 3:00
= 11:00 पूर्वाहन पर बजेंगी।

42. **In the morning a person started walking facing Sun. After 2 miles he turns to his left and keeps on walking. Again after 2 miles he turns to his right and keeps on walking. Which direction is he walking now?**
**एक व्यक्ति ने प्रात: सूर्य की ओर चेहरा करके सड़क पर चलना शुरू किया। 2 मील चलने के बाद वह अपने बाँई ओर मुड़कर चलता है। फिर 2 मील बाद वह अपनी दाँई ओर मुड़कर चलता है। अब वह किस दिशा की ओर चल रहा है?**

(a) East/ पूर्व (b) West/पश्चिम
(c) North/ उत्तर (d) South/ दक्षिण

**Ans : (a)**




दिशा आरेख से स्पष्ट है कि व्यक्ति अंत में पूर्व दिशा की ओर जा रहा है।

43. **If a cube of 3 cm side is cut into smaller cubes of 1 cm side then how many times we have to cut the large cube?**
**3 सेमी भुजा वाले किसी घन को 1 सेमी भुजा वाले छोटे घनों में विभाजित किया जाता है। बताइये छोटे घन प्राप्त करने के लिए इसे कुल कितनी बार काटना होगा?**

(a) 8 (b) 6
(c) 4 (d) 2

**Ans : (b)** total number of cutting = 3(x–1)

3 (3–1) = 3×2 = 6

3 सेमी भुजा वाले किसी घन को 1 सेमी भुजा वाले घनों में काटने के लिए बड़े घन को कुल 6 बार काटना पड़ेगा।

**44. If A, B, C and D are in ascending order and D, B and E are in descending order. Find out which one of the following is necessarily correct either ascending order or descending order?**

**A, B, C और D आरोही क्रम से हैं। D, B और E अवरोही क्रम में हैं। बताइये निम्न में से कौन या तो आरोही या अवरोही क्रम में है?**

(a) A, E and C (b) A, D and C
(c) D, B and C (d) E, B and C

**Ans : (d)** A < B < C < D………… (i)

तथा D > B > E……………………(ii)

दोनो शर्तों को जोड़ने पर

A < B < C < D > B > E

शर्त (i) से C > B तथा शर्त (ii) से B > E

अर्थात C > B > E ⟹ E < B < C

स्पष्ट है कि विकल्प (d) में E, B तथा C आरोही क्रम में है।

**45. Ram is standing in a line of students and his position is 10th from left and Shyam's position is 5th from right. Ram and Shyam interchange their positions, then Ram is on 15th position from left. Find out the position of Shyam from right?**

**छात्रों की एक पंक्ति में राम बाएँ से 10वें तथा श्याम दाएँ से 5वें स्थान पर है। जब राम एवं श्याम अपने स्थान आपस में बदल लेते हैं तो राम बाएँ से 15वें स्थान पर हो जाता है। बतायें स्थान परिवर्तन के बाद श्याम दाएँ से कौन से स्थान पर होगा?**

(a) 10th/ 10वें (b) 11th/ 11वें
(c) 12th/12वें (d) 13th/13वें

**Ans : (a)**

→ बायें दायें ←
राम श्याम
10 ——— 5

15 ——— 10

पक्ति में कुल छात्रों की संख्या = 15 + 5-1 = 19

परिवर्तन के बाद श्याम का दाँये से स्थान = 19 + 1 -10

= 10 वें

**46. Ajay can do a work in 15 days and Vijay can do the same work in 20 days. If they work on it together for 4 days, the fraction of remaining work is ?**

**अजय एक कार्य को 15 दिन में पूरा कर सकता है और विजय उसी कार्य को 20 दिन में पूरा कर सकता है। यदि दोनों एक साथ उसी कार्य को 4 दिन तक करें तो बताइये कितना कार्य शेष रह जायेगा?**

(a) $\frac{8}{15}$ (b) $\frac{2}{5}$
(c) $\frac{}{5}$ (d) $\frac{7}{15}$

**Ans : (a)** 4 दिन में समाप्त किया गया कार्य = $\frac{4}{15}+\frac{4}{20}$

$=\frac{7}{15}$ भाग

शेष कार्य = $1-\frac{7}{15}=\frac{8}{15}$ भाग

**47. A Bank pays 5% compound interest calculated on half-yearly basis. A person deposits Rs.1600/- each on 1st January and 1st July of a year. At the end of the year, how much interest will be paid to him by the Bank?**

**एक बैंक 5% कर दर से अर्धवार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज देता है। एक व्यक्ति ने रु.1600/- एक जनवरी को और इतनी ही रकम एक जुलाई को जमा कराई। बताइये कि वर्ष के अन्त में कुल कितना ब्याज बैंक द्वारा दिया जायेगा?**

(a) Rs.115 (b) Rs.168
(c) Rs.121 (d) Rs.242

**Ans : (c)** कुल मिश्रधन

$= 1600\left(1+\frac{5}{200}\right)^2+1600\left(1+\frac{5}{200}\right)^1$

$= 1600\left(\frac{205}{200}\right)^2+1600\times\frac{41}{40}$

$= 1600\times\frac{41}{40}\times\frac{41}{40}+40\times41$

= 1681 + 1640 = 3321

बैंक का ब्याज = 3321 − 3200 = 121 रु.

**48. A train whose length is 800 meters, is running at a speed of 78 Km/hour. If it crosses a tunnel in 1 minute, then find out the length of the tunnel.**

**एक रेलगाड़ी जिसकी लम्बाई 800 मीटर है, 78 किमी प्रति घण्टा की गति से चल रही है। वह रेलगाड़ी एक सुरंग को ठीक एक मिनट में पार कर लेती है। सुरंग की लम्बाई ज्ञात कीजिए।**

(a) 120 meters (b) 360 meters
(c) 480 meters (d) 500 meters

**Ans : (d)** माना सुरंग की लम्बाई x मीटर है।

78Km./h = $78\times\frac{5}{18}$ /

$=\frac{65}{}$ /

दूरी = चाल×समय

800 + x = $\frac{65}{}\times60$

800 + x = 65×20

x = 1300-800 = 500 मी.

**49. An error of 2% is made while measuring the side of a square. The percentage of error in the calculating the area of the square will be-**
**एक वर्ग की भुजा का माप करते समय 2% की गलती हुई। बताइये कि वर्ग के क्षेत्रफल पर कुल कितना प्रतिशत प्रभाव पड़ेगा?**

(a) 2% (b) 2.02%
(c) 4% (d) 4.04%

**Ans : (d)** क्षेत्रफल पर पड़ने वाला अभीष्ट प्रभाव

$$= 2+2+\frac{2\times 2}{100}$$

$$= 4+\frac{4}{100}$$

$$= 4 + 0.04$$

$$= 4.04\%$$

**50. The ratio between the length and the breadth of a rectangular park is 3:2. If a man is cycling along the boundary of the park at the speed of 15 Km/hour and completes one round in 12 minutes, then find out the area of the park in sq meters ?**
**एक आयताकार बाग की लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात 3:2 है। एक व्यक्ति बाग के चारों ओर साईकिल पर 15 किमी प्रति घंटा की दर से चल रहा है और वह चारों ओर का एक चक्कर 12 मिनट में पूरा करता है। बताइये कि बाग का कुल क्षेत्रफल कितना है?**

(a) 5400 Sq meters/ 5400 वर्ग मीटर
(b) 54000 Sq meters/ 54000 वर्ग मीटर
(c) 540000 Sq meters/ 540000 वर्ग मीटर
(d) 588000 Sq meters/ 588000 वर्ग मीटर

**Ans : (c)** माना आयताकार बाग की लंबाई 3x तथा चौड़ाई 2x मीटर है।

व्यक्ति की गति = 15Km/n

$$= 15\times\frac{5}{18} \ /$$

$$= \frac{25}{6} \ /$$

12 मिनट में चली गई दूरी = चाल × समय

$$= \frac{25}{6}\times 12\times 60$$

= 120×25= 3000 मीटर

$\because$ 2 (3x + 2x) = 3000

5x = 1500

x = 300 मीटर

बाग की लंबाई = 3x = 3×300 = 900 मीटर

बाग की चौड़ाई = 2x = 2×300 = 600 मीटर

बाग का क्षेत्रफल = 900×600 = 540000 वर्ग मीटर

**51. How many numbers are there between 9 and 63 which are divisible by 9 but not divisible by 3?**
**9 एवं 63 के बीच कितनी संख्याऐं है, जो 9 से पूर्णत: भाज्य हैं परन्तु 3 से भाज्य नहीं हैं?**

(a) 0 (b) 3
(c) 5 (d) 9

**Ans : (a)** वह सभी संख्या जो 9 से विभाज्य हो, यह अति आवश्यक हैं कि वह 3 से भी विभाज्य होंगी। अत: ऐसी कोई संख्या नहीं है जो 9 से विभाज्य हो लेकिन 3 से नही।

**52. In this question a matrix of certain alphabets are given in a certain trend, row wise or column-wise. Choose the missing alphabets from the given alternatives to complete the trend:**
**इस प्रश्न में अंग्रेजी वर्णमाला के कुछ अक्षरों का एक सांचा दिया जाता है जो एक तार्किक रुप से सम्बन्धित है। दिये गये विकल्पों में से सही अक्षर को चुनिये जो चिन्ह (?) के स्थान पर सांचे को पूरा करता हो**

| | | |
|---|---|---|
| A | D | G |
| D | I | N |
| I | P | ? |

(a) V (b) W
(c) X (d) Y

**Ans : (b)** जिस प्रकार,

$A + 3 \Rightarrow D$, तथा $D + 3 \Rightarrow G$

तथा $D + 5 \Rightarrow I$, तथा $I + 5 \Rightarrow N$

उसी प्रकार,

$I + 7 \Rightarrow P$, तथा $P + 7 \Rightarrow W$

**53. In this question select the related word from the given alternative at (?) sign which will complete the analogy test out of the following:**
**South: North- West : : West : ?**
**इस प्रश्न में चिन्ह (: :) के बाईं ओर दो शब्द दिये गये हैं जो आपस में किसी प्रकार सम्बन्धित हैं। ठीक उसी प्रकार का सम्बन्ध चिन्ह (::) के दाईं ओर दिये गये शब्द तथा दिये गये विकल्पों में से किसी एक शब्द के बीच में भी है। सही विकल्प चुनियें।**
**दक्षिण: उत्तर-पश्चिम : : पश्चिम : ?**

(a) North/ उत्तर
(b) North- /East/ उत्तर-पूर्व
(c) East/ पूर्व
(d) South West/ दक्षिण-पश्चिम

**Ans : (b)** जिस प्रकार दक्षिण दिशा से उत्तर-पश्चिम ($135^0$ दक्षिणावर्त) कहा जाता है उसी प्रकार पश्चिम को उत्तर-पूर्व ($135^0$ दक्षिणावर्त) कहा जाएगा।

**54. In this question four words have been given out of which three are alike in some manner, while the fourth one is difference. Choose the odd one out.**

इस प्रश्न में चार शब्द दिये गये हैं जिनमें से तीन किसी प्रकार समान हैं एवं उनका एक समूह बनता है। दिये गये विकल्पों में से विषम शब्द चुनिये।

(a) March/ मार्च (b) April/ अप्रैल
(c) August/ अगस्त (d) Decembers/ दिसम्बर

**Ans : (b)** अप्रैल को छोड़कर शेष अन्य महीनों में दिनों की संख्या 31 होती है।

**55. In this question four number items are given, out of which three of them share common features whereas one of them is different from others.Choose the odd one-**
**इस प्रश्न में चार संख्या युग्म दिये गये हैं जिनमें से कोई तीन किसी प्रकार समान है। अत: उनका एक समूह बनता है। उस संख्या युग्म को चुनिये जो इस समूह में नहीं आता।**

(a) 32 : 15 (b) 56 : 27
(c) 74 : 38 (d) 86 : 42

**Ans : (c)** जिस प्रकार,

$\frac{32-2}{2}$ 15 तथा $\frac{56-2}{2}$ 27

तथा $\frac{86-2}{2}$ 42 है उसी प्रकार $\frac{74-2}{2}$ 36 होना चाहिए था जो नहीं है। अत: विकल्प (d) शेष अन्य विकल्प समूहों से भिन्न है।

**56. Find out the missing number in a logical manner:**
**चिन्ह (?) के स्थान पर तार्किक रूप से क्या संख्या आयेगी?**

| | | |
|---|---|---|
| 6 | 8 | ? |
| 9 | 3 | 13 |
| 10 | 14 | 1 |

(a) 5 (b) 7
(c) 9 (d) 11

**Ans : (d)** जिस प्रकार,
9 + 3 +13 = 25
तथा 10 + 14 + 1 = 25
उसी प्रकार 6 + 8 + ? = 25
? = 25 − 14= 11

**57. How many times do the hands of a clock coincide in a day?**
**एक दिन में एक घड़ी की सुईयाँ आपस में कितनी बार मिलती है?**

(a) 20 (b) 21
(c) 22 (d) 24

**Ans : (c)** घड़ी की सूईया प्रत्येक $\frac{12}{}$ घंटे बाद संपाती होती है।

$\because$ $\frac{12}{}$ घंटे में ....................1 बार

$\therefore$ 24 घंटे में .................. $\frac{11}{12}\times 24 = 22$ बार

**58. In a group of cows and hen, the number of legs are 14 more than twice the number of heads. Find out the number of cows.**
**गाय और मुर्गियों के एक झुण्ड में पैरों की संख्या, सिरों की संख्या के दुगने से 14 अधिक है। बताइये इस झुण्ड में कुल कितनी गाय है?**

(a) 7 (b) 9
(c) 11 (d) 12

**Ans : (a)** माना गाय की संख्या x तथा मुर्गियो की संख्या y है।


$4x + 2y = (x + y) \times 2 + 14$
$4x + 2y = 2x + 2y + 14$
$2x = 14$
$x = 7$

अत: झुण्ड में गायों की संख्या = 7


**59. If RADIO is written as UDGLR in a coded language, then how will PHOTO be written in the same language?**
**यदि किसी सांकेतिक भाषा में RADIO को UDGLR लिखा जाता है, तो PHOTO को उसी भाषा में कैसे लिखा जायेगा?**

(a) OTOHP (b) SKRWR
(c) OIPUR (d) SKPWP

**Ans : (b)** जिस प्रकार,





उसी प्रकार




**60. Sonia had gone to see a movie 9 days ago. She goes to see a movie only on Thursday.**
What day is today?
**सोनिया नौ दिन पहले सिनेमा देखने गई थी। वह सिनेमा देखने केवल बृहस्पतिवार को जाती है। आज सप्ताह का कौन सा दिन है?**

(a) Sunday/रविवार (b) Saturday/शनिवार
(c) Thursday/बृहस्पतिवार (d) Tuesday/मंगलवार

**Ans : (b)**




अत: 9 दिन पहले या 2 दिन पहले बृहस्पतिवार था इसलिए आज शनिवार है।

## भाग–III
## सामान्य जानकारी

**61. Uttar Pradesh State shares its boundary with how many states in the Indian Union?**
**उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा अन्य कितने राज्यों को स्पर्श करती हैं?**

(a) 6 (b) 7
(c) 8 (d) 9

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा कुल 9 राज्यों (हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड बिहार, उत्तराखण्ड तथा एक केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली को स्पर्श करती है।

**62 Which is the largest continent on Earth.**
**पृथ्वी पर सबसे बड़ा महाद्वीप कौन सा है?**

(a) Asia/ एशिया
(b) Europe/ यूरोप
(c) Africa/ अफ्रीका
(d) South America/ दक्षिण अमरीका

**Ans : (a)** पृथ्वी पर सबसे बडा महाद्वीप एशिया महाद्वीप है जिसका क्षेत्रफल 44, 579000 वर्ग किलोमीटर है। यह संसार के 29.9% भू-भाग पर फैला है। यहाँ विश्व की लगभग 60% जनसंख्या निवास करती है। अत: यह सर्वाधिक जनसंख्या वाला महाद्वीप है। एशिया महाद्वीप से होकर तीन प्रमुख अक्षांशीय वृत्त विषुवत, कर्क एवं आर्कटिक गुजरते हैं। लाल सागर व स्वेज नहर एशिया को अफ्रीका से अलग करता है, जबकि बोरिंग जलसंधि एशिया को उत्तरी अमेरिका से अलग करती है।
अफ्रीका विश्व का दूसरा सबसे बड़ा महाद्वीप है, जो जिब्राल्टर जलसंधि द्वारा यूरोप से पृथक होता है। अफ्रीका एकमात्र ऐसा महाद्वीप है जिससे होकर विषुवत वृत्त, कर्क वृत्त और मकर वृत्त गुजरते हैं।

**63. When is the National Sports Day celebrated in India?**
**भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस कब मनाया जाता है?**

(a) 27th may/ 27 मई
(b) 21st June/ 21 जून
(c) 29th August/ 29 अगस्त
(d) 2nd October/ 2 अक्टूबर
(d) 2 October/ 2 अक्टूबर

**Ans : (c)** भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त को हॉंकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के दिन मनाया जाता है। दुनिया भर में हॉंकी के जादूगर के नाम से प्रसिद्ध भारत के महान तथा कालजयी हॉंकी खिलाड़ी ध्यानचंद ने भारत को ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक दिलाया था। ध्यानचंद के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए भारत सरकार प्रत्येक वर्ष 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाती है।

**64. What is the ratio of length of our national Flag to its width?**
**भारत के राष्ट्रध्वज की लम्बाई एवं चौड़ाई का अनुपात कितना निर्धारित है?**

(a) 3 : 5 (b) 3 : 4
(c) 3 : 2 (d) 2 : 4

**Ans : (c)** तिरंगा भारत का राष्ट्रीय ध्वज है जो तीन रंगों से मिलकर बना है। ध्वज में सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद तथा नीचे गहरा हरा रंग समान अनुपात में है। झण्डे की लम्बाई तथा चौड़ाई का अनुपात 3:2 होता है। सफेद पट्टी के मध्य में गहरे नीले रंग का चक्र है जिसमें 24 तीलियाँ है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा को 22 जुलाई, 1947 को भारतीय संविधान द्वारा अंगीकृत किया गया था। इसी कारण प्रत्येक वर्ष 22 जुलाई को राष्ट्रीय झण्डा दिवस मनाया जाता है।

**65. Where will the 2016 Men's Hockey Junior World Cup Tournament be Played?**
**वर्ष 2016 के हॉकी पुरूष जूनियर वर्ल्ड कप प्रतियोगिता का आयोजन कहाँ होना है?**

(a) Delhi/ दिल्ली (b) Lucknow/ लखनऊ
(c) Hyderabad/ हैदराबाद (d) Chandigarth/ चंडीगढ़

**Ans : (b)** वर्ष 2016 के हॉंकी पुरूष जूनियर विश्व कप प्रतियोगिता का आयोजन लखनऊ में होना प्रस्तावित है।

**66. The Uttar Pradesh Govt.under U.P. Kanya Vidya Dhan Yojna has rewareded the selected girls who have qualified their class exams to each 12th exam in 2016. How much amount has been given to each girl?**
**उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कन्या विद्या धन योजना के अन्तर्गत वर्ष 2016 की कक्षा 12 में उत्तीर्ण चयनित छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु कितनी धनराशि प्रदान की गई है?**

(a) ₹15000 (b) ₹ 20000
(c) ₹ 25000 (d) ₹30000

**Ans : (d)** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कन्या विद्या धन के अंतर्गत तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव द्वारा वर्ष 2016 की कक्षा 12 में उत्तीर्ण चयनित छात्राओं को प्रोत्साहन हेतु ₹30,000. की धनराशि प्रदान की गई है। पहले यह राशि ₹20,000 थी लेकिन छात्राओं की आगे की पढ़ाई बाधित न हो इस लिए प्रदेश सरकार ने इस रकम को ₹30,000 कर दिया।

**67. The Union Public Service Commission of India has been established under which article of the Constitution of India?**
**भारत में संघ लोक सेवा आयोग का गठन भारत के**
**भारत में संघ लोक सेवा आयोग का गठन भारत के**
**संविधान में किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किया गया?**

(a) 122 (b) 172
(c) 178 (d) 315

**Ans : (d)** भारत में संघ लोक सेवा आयोग का गठन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 315 के अंतर्गत किया गया है। अनुच्छेद 315(1) के अनुसार संघ तथा राज्य के लिए एक लोक सेवा आयोग होना है तथा 315(2) के अनुसार दो या दो से अधिक राज्य के लिए एक ही लोक सेवा आयोग हो सकता है लेकिन इसके लिए दोनों राज्यों के प्रत्येक सदन द्वारा पारित किया जाना आवश्यक है। लोक सेवा आयोग एक सवैधानिक निकाय है जो संबंधित सरकार के लोक सेवा के पदाधिकारियों के नियुक्ति के लिए परीक्षा का संचालन करती है।

**68. BARAK-8 surface to air missile has been jointly developed by India with which country?**
**भारत ने बराक-8 पृथ्वी से आकाश में मार करने वाली मिसाईल किस देश के सहयोग से विकसित की है?**

(a) Israel/ इसराईल (b) Japan/ जापान
(c) Russia/ रूस (d) USA/अमेरिका

**Ans : (a)** भारत ने बराक- 8 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाईल इसराईल की सहायता से तैयार किया है। इस मिसाईल का सफल परीक्षण उड़ीसा के बालेश्वर जिले में चांदीपुर से 20 सितंबर 2016 को किया गया। यह मिसाईल बहुउद्देशीय निगरानी और खतरे का पता लगाने वाली रडार प्रणाली से सुसज्जित है।

**69. Which of the following falls under the category of Indirect Taxes in India?**
**भारत में निम्न में से क्या अप्रत्यक्ष कर की श्रेणी में है?**

(a) Income tax/आय कर
(b) Servies tax/सेवा कर
(c) Wealth tax/सम्पत्ति कर
(d) Corporation tax/निगम कर

**Ans : (b)** सेवा कर किसी व्यक्ति द्वारा प्रदान की गई सेवाओं पर लगाया जाता है और इस कर की भुगतान करने की जिम्मेदारी सेवा प्रदाता की होती है। यह एक अप्रत्यक्ष कर है क्योंकि यह सेवा प्रदाता द्वारा लेन-देने की अवधि में सेवा प्राप्त कर्ता से वसूल किया जाता है। केंन्द्रीय उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क अन्य अप्रत्यक्ष कर हैं। आयकर सम्पत्ति कर तथा निगम कर प्रत्यक्ष कर है, क्योंकि यह जिस व्यक्ति पर आरोपित किया जाता है, उसी से उसको वसूला जाता है।

**70. In comparison to 2014-15 what is percentage increase in per capita income in India for 2015-16?**
**वर्ष 2014-15 की तुलना में भारत की प्रतिव्यक्ति आय वर्ष 2015-16 में कितने प्रतिशत की वृद्धि हुई है?**

(a) 6.1% (b) 7.4%
(c) 7.6% (d) 7.72%

**Ans : (b)** केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा जारी आकड़ों के अनुसार वर्ष 2014-15 की तुलना में प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2015-16 में 7.4% की वृद्धि दर्ज हुई।

**71. What is the average time taken by sunlight to travel from Sun to Earth?**
**सूर्य की किरणों को पृथ्वी तक पहुँचने में लगभग कितना समय लगता है?**

(a) Approx 90 seconds/ लगभग 90 सेकण्ड
(b) Approx 180 seconds/ लगभग 180 सेकण्ड
(c) Approx 340 seconds/ लगभग 340 सेकण्ड
(d) Approx 500 seconds/ लगभग 500 सेकण्ड

**Ans : (d)** सूर्य आकाशगंगा के 100 अरब से अधिक तारों में से सामान्य तारा है जिसके चारों ओर पृथ्वी सहित 8 ग्रह चक्कर लगाते रहते हैं। सूर्य से पृथ्वी की औसत दूरी 14,96,00,000 किलो मीटर है तथा सूर्य का प्रकाश पृथ्वी तक पहुँचने में 8 मिनट 16.6 सेकण्ड (496.6 सेकण्ड लगभग 500 सेकण्ड) का समय लगता है।

**72. Which among the following states in India has lowest female literacy rate?**
**नीचे दिये गये राज्यों में महिला साक्षरता दर कहाँ सबसे कम है?**

(a) Uttar Pradesh/ उत्तर प्रदेश
(b) Bihar/ बिहार
(c) Rajasthan/ राजस्थान
(d) Uttarakhand/ उत्तराखण्ड

**Ans : (b)**

| राज्य | महिला साक्षरता |
|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 57.2% |
| बिहार | 51.5% |
| राजस्थान | 52.1% |
| उत्तराखण्ड | 70% |

**73. What is the dedicated helpline number launched by Mr. Akhilesh Yadav led U.P. Govt. for Journalists to help and assist media persons?**
**श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकारों की मदद एवं सहायता हेतु किस हैल्पलाइन नं. को प्रारम्भ किया गया है।**

(a) 1880 (b) 1881
(c) 1888 (d) 1818

**Ans : (a)** श्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पत्रकारों की मदद तथा सहायता हेतु 1880 हेल्प लाइन नम्बर को प्रारंभ किया गया है।

**74. Who was the first Indian woman to win an Olympic Medal?**
**किस भारतीय महिला खिलाड़ी ने प्रथम बार ओलम्पिक खेलों में पदक प्राप्त किया?**

(a) P.V. Sindhu/ पी. वी. सिंधु
(b) Karnam Malleswari/ कर्णम मल्लेश्वरी
(c) Mary Kom/ मैरी कॉम
(d) Saina Nehwal/ साईना नेहवाल

**Ans : (b)** भारतीय महिला खिलाड़ी कर्णम मल्लेश्वरी ने पहली बार ओलम्पिक खेलों में पदक प्राप्त किया। कर्णम मल्लेश्वरी एक भारोत्तोलक है। इनको अर्जुन पुरस्कार (1994), राजीव गांधी खेल रत्न (1995) प्रदान किया गया तथा पद्मश्री 1999 से सम्मानित किया जा चुका है।

**75. What was India's rank in the medal's tally at Rio Olympics' 2016?**
**रियो ओलम्पिक 2016 में भारत का पदक तालिका में कौन सा स्थान रहा?**

(a) 12th /12वें (b) 27th /27वें
(c) 48th/48वें (d) 67th /67वें

**Ans : (d)** रियो ओलंपिक 2016 में भारत 2 पदक के साथ पदक तालिका में 67वें स्थान पर रहा। 121 पदक जीतकर अमेरिका शीर्ष पर रहा। पदक तालिका में ब्रिटेन दूसरे (67 पदक) तथा चीन तीसरे स्थान पर रहा।

**76. Which is the smallest district of Uttar Pradesh State with respect to geographical area?**
**उत्तर प्रदेश में सबसे कम क्षेत्रफल वाला जनपद कौन सा है?**

(a) Gautam Budh Nagar/ गौतम बुद्ध नगर
(b) Hathras/ हाथरस
(c) Kannauj/ कन्नौज
(d) Sant Ravidas Nagar/ संत रविदास नगर

| Ans : (d) जिला | क्षेत्रफल |
|---|---|
| संतरविदास | 960 वर्ग कि.मी. |
| गौतम बुद्ध नगर | 1269 वर्ग कि.मी. |
| हाथरस | 1752 वर्ग कि.मी. |
| कन्नौज | 1993 वर्ग कि.मी. |

**77. Which is the most favoured investment destination of Public Private Partnership projects in India in 2016?**
**भारत में पूँजी निवेश के लिए वर्ष 2016 में सार्वजनिक निजि, साझेदारी के लिए किस राज्य को अति अनुग्रहीत का दर्जा प्राप्त हुआ है?**
(a) Maharashtra/ महाराष्ट्र
(b) Andhra Pradesh/ आन्ध्र प्रदेश
(c) Gujarat/ गुजरात
(d) Uttar Pradesh/ उत्तर प्रदेश

**Ans : (d)** भारत में पूंजी निवेश के लिए वर्ष 2016 में सार्वजनिक निजि साझेदारी के लिए उत्तर प्रदेश राज्य को अति अनुग्रहीत का दर्जा प्राप्त हुआ है।

**78. Who has been appointed as new Governor of the Reserve Bank of India in 2016?**
**वर्ष 2016 में भारत के रिजर्व बैंक के नये गर्वनर के रूप में किसे मनोनीत किया गया है?**
(a) Dr. D. Subbarao/ डॉ. डी. सुब्बाराव
(b) Shri. Rajesh Kr. Chaturvedi
श्री राजेश कुमार चतुर्वेदी
(c) Dr. Urjit Patel/ डॉ. उर्जित पटेल
(d) Mr. Jayant Sinha/ श्री जयन्त सिन्हा

**Ans : (c)** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर, भारत के केन्द्रीय बैंक भारतीय रिजर्व बैंक के सबसे वरिष्ठ बैंक कमी होते है। वर्तमान में RBI के गवर्नर उर्जित पटेल हैं जिन्होंने रघुराम राजन के सेवामुक्त होने के बाद इस पद को सम्भाला। उर्जित पटेल RBI के 24वें गवर्नर है।

**79. Which of the following is not an example of Input Device in Computer system?**
**कम्प्यूटर प्रणाली में निम्न में से क्या Input Device का उदाहरण नहीं हैं?**
(a) Key Board/ की-बोर्ड (b) Printer/ प्रिन्टर
(c) Scanner/ स्केनर (d) Mouse/माउस

**Ans : (b)** इनपुट डिवाइस (Input Device) एक विद्युत यांत्रिक युक्ति है जो डेटा और अनुदेशों को स्वीकार कर उसे कम्प्यूटर के प्रयोग लायक बनाता है। की-बोर्ड, माऊस, स्कैनर, कैमरा, ज्वायस्टिक, टचपैड इत्यादि इनपुट डिवाइस है। प्रिन्टर, प्रोजेक्टर, स्पिकर, मॉनिटर, हैडफोन इत्यादि आऊट पुट (Output Device) डिवाइस हैं।

**80. In Computer Systems which of the following is not a programming language?**
**कम्प्यूटर प्रणाली में निम्न में से क्या प्रोग्रामिंग भाषा नहीं है?**
(a) COBOL (b) FORTRAN
(c) PASCAL (d) LOTUS

**Ans : (d)** कम्प्यूटर प्रणाली में COBOL, FORTRAN तथा PASCAL प्रोग्रामिंग भाषा है। LOTUS एक अमेरिकन साफ्टवेयर कम्पनी है।

**81. What is the rank of Hindi Language in respect to widely spoken language across the world?**
**विश्व में बोली जाने वाली विभिन्न भाषाओं में हिन्दी भाषा को बोलने वालों का कौन सा स्थान है?**
(a) II (b) IV
(c) VI (d) X

**Ans : (b)** विश्व में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा मंदारिन (चीनी) है जिसको विश्व के 14% लोगों द्वारा बोली जाती है। इसके बाद स्पैनिश (5.85%) तथा अंग्रेजी (5.52%) लोगों द्वारा बोली जाती है। भारतीय भाषा हिन्दी का विश्व में चौथा स्थान है जो सम्पूर्ण विश्व में 4.46% लोगों द्वारा बोली जाती है।

**82. Which of the following has not been awarded Magsaysay Award?**
**निम्न में से किस को मैग्सेसे पुरस्कार नहीं मिला है?**
(a) Ela Bhatt/ईला भट्ट
(b) Jayaprakash Narayan/जयप्रकाश नारायण
(c) Vishwa Mohan Bhatt/विश्व मोहन भट्ट
(d) Jackin Arputham/ जोकिन अरपुथम

**Ans : (c)** एशिया के नोबल पुरस्कार से प्रसिद्ध रेमन मैग्सेसे पुरस्कार एशिया के व्यक्तियों तथा संस्थाओं को उनके अपने क्षेत्र में विशेष रूप से उल्लेखनीय कार्य करने के लिए प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार की स्थापना 1957 में हुई थी। ईला रमेश भट्ट को वर्ष 1977 में जय प्रकाश नारायण को वर्ष 1965 में तथा जोकिन अरपुथम को वर्ष 2000 में रैमन मैग्सेसे पुरस्कार दिया गया था। विश्व मोहन भट्ट भारतीय संगीत की प्रमुख हस्तियों में से एक हैं। इन्हें वर्ष 2002 में पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया था।

**83. Three important rivers of India have their sources near the Mansarover Lake in the Himalayas. Which are these three rivers?**
**भारत की तीन महत्वपूर्ण नदियों का स्त्रोत हिमालय स्थित मानसरोवर झील के निकट है। बताइये यह कौन-कौन सी नदियाँ है?**
(a) Brahmputra, Yamuna and Sutlej
ब्रह्मपुत्र, यमुना और सतलुज
(b) Brahmputra, Sutlej and Indus
ब्रह्मपुत्र, सतलुज और सिन्धु
(c) Brahmputra, Yamuna and Indus
ब्रह्मपुत्र, यमुना और सिन्धु
(d) Jhelum, Yamuna and Sutlej
झेलम, यमुना और सतलुज

Ans : (b) ब्रम्हपुत्र, सतलज और सिंधु भारत की प्रमुख नदियां हैं। इन तीनों का उद्‌गम स्थल तिब्बत में स्थित मानसरोवर झील है। ब्रह्मपुत्र मानसरोवर झील से 80 किमी. दूरी पर स्थित चेम युन्ग डुंग हिमानी से निकलती है। तिब्बत में इसे सांगयो नदी के नाम से जाना जाता है। सतलुज नदी मानसरोवर झील के समीप स्थित राकस ताल (समुन्द्र तल से ऊँचाई 4,555 मी.) से निकलती है जो शिवालिक पर्वत शृंखला को काटकर पंजाब में प्रवेश करती है। सिन्धु नदी मानसरोवर झील के पास सनोख्याबाब हिमनद से निकलती है जो अरब सागर में जाकर गिरती है। इसकी प्रमुख सहायक नदियां सतलुज, चिनाब, राबी व्यास तथा झेलम है।

**84. The famous painter Mir Sayyid Ali was associated with which of the following Mughal rulers?**
**प्रसिद्ध चित्रकार मीर सैयद अली चित्रकारी हेतु किस मुगल शासक के सहयोगी थे?**

(a) Babur/ बाबर (b) Jahangir/ जहाँगीर
(c) Akbar/ अकबर (d) Humayun/हुमायूँ

Ans : (d) मीर सैयद अली फारस का एक प्रसिद्ध चित्रकार था। जब हुमायूँ निर्वासन का जीवन व्यतीत कर रहा था तब उसकी मुलाकात वहाँ के दो प्रसिद्ध चित्रकार (मीर सैयद अली तथा ख्वाजा अब्दुस्मद) से हुई। हुमायूँ इन दोनों से प्रभावित होकर इनको अपना सहयोगी बना लिया।

**85. The Battle of Plassey was fought in which year?**
**प्लासी का युद्ध कब लड़ा गया था?**

(a) 1748 (b) 1757
(c) 1764 (d) 1782

Ans : (b) प्लासी पश्चिम बंगाल में भागीरथी नदी के किनारे स्थित है। प्लासी के मैदान में 23 जून, 1757 को बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला तथा अंग्रेजों को सेनाओं का आमना सामना हुआ। इस युद्ध में बंगाल के स्थानीय विरोधियों (मीर जाफर) ने अंग्रेजों का साथ दिया। परिणाम स्वरूप नवाब को मैदान छोड़कर भागना पड़ा और अंग्रेजो ने मैदान जीत ली। अंग्रेजों के इस जीत के बाद भारत की दासता का युग आरम्भ हुआ जिनसे भारत का बेहन्तहा शोषण हुआ तथा काली दु:ख की शाश्वत रात आरम्भ हो गई थी।

**86. Which country is the leading producer of Gold?**
**विश्व में सोने का सर्वाधिक उत्पादन किस देश में होता है?**

(a) South Africa/दक्षिण अफ्रीका
(b) Russia/रूस
(c) China/चीन
(d) Australia/आस्ट्रेलिया

Ans : (c) सोना अत्यन्त चमकदार तथा मूल्यवान धातु है जो दिखने में चमकदार सुनहरे पीले रंग का होता है और बहुत ही आकर्षक लगता है। इसका सर्वाधिक प्रयोग आभूषण बनाने में किया जाता है। वर्ष 2007 में सोने के उत्पादन में दक्षिण अफ्रीका को पीछे छोडने के बाद में अब तक चीन शीर्ष पद पर बना है। चीन सोने का सबसे बड़ा उत्पादक तथा भारत के बाद दूसरा बडा उपभोक्ता है।

**87. "Java Trench" is the deepest point of which Ocean?**
**प्रसिद्ध ''जावा ट्रेन्च'' नामक सबसे गहरा स्थल किस महासागर में स्थित है?**

(a) Arctic/आर्कटिक (b) Atlantic/ अटलांटिक
(c) Indain/ हिन्द (d) Pacific/पेसिफिक

Ans : (c) महासागरीय गर्त महासागरीय बेसिन के सबसे नीचे के भाग है। इनकी तली औसत महासागरीय नितल से काफी नीचे मिलती है। इनकी उत्पत्ति महासागरीय तली में पृथ्वी के क्रस्ट के वलन तथा भ्रंशन के परिणाम स्वरूप मानी जाती है। विश्व का सबसे गहरा गर्त मेरीयाना गर्त (11022मी.) है जो प्रशांत महासागर में स्थित है। सुंडा गर्त (जावा ट्रेन्च) हिंद महासागर में स्थित एक गर्त है जिसकी गहराई 8152 मीटर है। यह हिंद महासागर की सबसे बाहरी गर्त है जो हिन्द महासागर में उत्तर-पूर्व दिशा में स्थित है।

**88. Which is the longest National Highway in India?**
**भारत का सर्वाधिक लम्बा राष्ट्रीय राजमार्ग कौन सा है?**

(a) NH-2 (b) NH-16
(c) NH-4 (d) NH-44

Ans : (d) राष्ट्रीय राजमार्ग NH-44 भारत का सबसे लम्बा राजमार्ग है। यह उत्तर में श्रीनगर से आरम्भ होकर दक्षिण में कन्याकुमारी में समाप्त होता है। इसकी कुल लमबाई 3,745 किमी. है।

| राजमार्ग | लंबाई (किमी. में) |
|---|---|
| NH-2 | 1465 |
| NH-4 | 230 |
| NH-16 | 1448 |
| NH-44 | 3745 |

**89. On an average the weight of Blood in human body is-**
**औसतन एक मानव शरीर में रक्त का भार शरीर की तुलना में लगभग कितना होता है?**

(a) 7 - 8% (b) 10 - 11%
(c) 15 - 16% (d) 17 – 22%s

Ans : (a) औसतन एक मानव शरीर में रक्त का भार शरीर की तुलना में 7-8% होता है। रक्त एक शारीरिक तरल द्रव है। जो रक्त वाहिनियो के अन्दर विभिन्न अंगों में लगातार बहता रहता है। इनका प्रमुख कार्य शरीर के अंगों तक ऑक्सीजन पहुँचाना तथा कार्बन डाई आक्साइड को शरीर के श्वसन अगों तक पहुँचाना है। रक्त का मान 7.4 होता है।

**90. Who among the following has the distinction of being the longest serving speaker of LokSabha in India?**
**भारत में निम्न में से किस लोकसभा अध्यक्ष का कुल कार्यकाल सर्वाधिक रहा है?**

(a) Dr. G.S. Dhillon/डॉ. जी. एस. ढिल्लन
(b) Smt. Meira Kumar/श्रीमती मीरा कुमार
(c) Dr. Balram Jakhar/डॉ. बलराम जाखड़
(d) Sh. Hukam Singh/श्री हुकम सिंह

Ans : (c) डा. बलराम जाखड़ को 22 जनवरी 1980 को सातवीं लोकसभा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। यद्यपि इसके पहले जाखड़ को पीठासीन अधिकारी के रूप में पिछला कोई अनुभव नहीं था तथा आठवीं लोकसभा में सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। स्वतंत्र भारत में लगातार दो बार की पूर्ण अवधि के लिए बने रहने वाले एक मात्र अध्यक्ष थे। इनका निधन 3 फरवरी, 2016 को ब्रेन स्ट्रोक की बीमारी से हुआ था।